हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 7 अप्रैल 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री


4 स्वीप के तहत मितानिनों ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




**खबर संक्षेप**

## न्यायायिक अभिरक्षा से फरार आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** एक वर्ष की सश्रम कारावास की सजा से भयभीत होकर फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 397/2022 धारा 354 भादवि के प्रकरण में 3 अप्रैल को आरोपी सोमारसाय चेरवा पिता धोंधा उम्र 61 वर्ष निवासी सोनहत को न्यायालय द्वारा एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई थी। सजा से भयभीत होकर आरोपी न्यायालय परिसर में उपस्थित लोगों की आंखों के सामने से ओझल होकर फरार हो गया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय में कर्तव्यस्थ लिपिक की रिपोर्ट पर 4 अप्रैल को थाना चरचा में अपराध क्रमांक 100/2024 धारा 224 भादवि कायम किया गया एवं आरोपी की पतासाजी शुरू की गई। रिपोर्ट के दूसरे दिन 5 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी न्यायालय के आस-पास देखा गया है। इस पर कोरिया पुलिस द्वारा पूछताछ एवं खोजबीन शुरू की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### खेती-किसानी कार्य प्रभावित, वार्डवासियों द्वारा बहाया जाता है गंदा पानी

# जूनापारा में नाली बनीं नहर, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩ बैकुंठपुर

नाली पर बनी नहर..



सूखा नहर..



शहर के समीप स्थित जूनापारा में लंबे समय से नहर नाली में तब्दील हो गए हैं, इससे किसान खासे परेशान हैं। इसकी शिकायत कई मर्तबा विभाग से की गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। नहर में नाली का गंदा पानी होने के कारण खेती-किसानी कार्य भी काफी प्रभावित होता है।

मिली जानकारी के अनुसार महलपारा होते जूनापारा एवं जामपारा तक विस्तारित नहर में वर्षो से पानी तो नहीं आ रहा है, लेकिन लोगों के घरों का गंदा पानी जरूर नहर में बह रहा है। मिली जानकारी के अनुसार एमएलए नगर व जूनापारा के कई लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है, इसके कारण लोगों के घरों से निकला नाली का पानी नगर में बहाया जा रहा है, इसके दुर्गंध से रहवासी परेशान हैं साथ ही गंदगी के कारण मच्छर भी पनप रहे हैं और लोग बीमार पड़ रहे हैं।

वार्ड क्रमांक 19 व 20 में लोगों के घरों का गंदा पानी क्षेत्र से गुजरी नहर में मिल रहा है, इसके कारण कुछ जगहों पर दल-दल जैसा कीचड़ हो गया है ,ऐसे जगहों पर मवेशी पानी पीने के लिए आते हैं, इससे मवेशी भी बीमार हो रहे हैं साथ ही कई बार मवेशी दलदल में फंस भी जाते हैं। इस ओर नगर पालिका प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की गई, इसके कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

⏩ शेष पेज 4 पर

### 10 साल से सूखा पड़ा है झुमका नहर

मिली जानकारी के अनुसार झुमका हाई लेवल परियोजना के तहतविस्तारित नहर का मरम्मत 10 वर्ष पहले हुई थी, तब किसानों को नहर सुविधा का लाभ मिल रहा था, लेकिन इसके बाद दुबारा कभी नहर की साफ-सफाई की ओर विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं गया और आज तक नहर में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है, इसके कारण अंतिम छोर तक नहर बिल्कुल सूखा पड़ा है, जिससे किसान रबी फसल नहीं ले पा रहे हैं और न ही इस सीजन की सब्जियां ही उगा पा रहे हैं।

### दिखवाता हूं

नहरों के रख रखाव के लिए हम सदैव तत्पर हैं, इस तरह के शिकायत को तत्काल दिखवाता हूं। किसानों को नहरों का लाभ हर हाल में मिलेगा।


-ए. टोप्पो, ईई जल संसाधन विभाग कोरिया

* **सोनहत।** शनिवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे, इससे मौसम अचानक बदला नजर आया। हालांकि सुबह 9 बजे के बाद से बादलों के हल्के कम होने से आसमान आंशिक तौर पर साफ होते रहा। दोपहर 3 बजे के बाद मौसम ने फिर करवट बदला और तेज हवा, तूफान के साथ घने बादल छाए रहे।






## बरसात में बहा डायवर्सन पुल अब तक नहीं बना



फाइल फोटो

**सोनहत।** जिले सोनहत के वनांचल इलाके में बरसात के समय बहा एक पुल अब तक नहीं बन सका है, इस वजह से राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन ग्रामीण राहगीर परेशान हो रहे हैं, इस ओर संबंधित विभाग को शीघ्र ध्यान दिए जाने की जरुरत है।

मिली जानकारी के अनुसार मुख्यालय से कछाड़ी जाने वाले मार्ग में निर्माणाधीन हसदो पुल के बगल में आवागमन के लिए बने डायवर्सन के बरसात के महिने में बह जाने से वनांचल ग्राम छेंगुरा, भगवतपुर, लोलकी, रेवेला, कछाड़ी, जोगिया के अलावा सीमावर्ती ग्राम छतरंग, घुइडीह, पाल केवरा सहित लगभग डेढ़ दर्जन वनांचल ग्रामों के ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वनांचल ग्रामीण जान जोखिम में डाल किसी तरह बीच नदी के खतरे भरे उबड़-खाबड़ मार्ग से बाइक और पैदल आवागमन कर रहे हैं, वहीं अन्य चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है, हालांकि दूर ग्राम से घूमकर वाहनों के आवाजाही से ग्रामीण काफी परेशान हैं। संबंधित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से डायवर्सन मार्ग सुधार कराने की मांग की है, ताकि पीएम आवास आदि के सामग्री का परिवहन करने के साथ आवागमन की सुविधा भी मिल सके।

■ राहगीरों को आवागमन में हो रही परेशानी

## चैत्र नवरात्रि में बहेगी भक्ति की बयार



खड़गवां चनवारीडांड़ स्थित महामाया मंदिर।

**बैकुण्ठपुर।** चैत्र नवरात्र की शुरूआत 9 अप्रैल से हो रहा है, इसके लिए पूर्व ही देवी मंदिरों में आवश्यक तैयारियां भी शुरू हो गई है। मंदिरों की साफ-सफाई, रंग, पेंट का कार्य चल रहा है, इसके अलावा कलश प्रज्जवलन की तैयारियां भी शुरू है।

कलशों को आकर्षक रंगने का कार्य भी चल रहा है। देवी मंदिरों का आवश्यक रंग-रोगन परिसर की सफाई के साथ सजावट का कार्य भी तेजी से चल रहा है, क्योंकि चैत्र नवरात्रि के लिए अब ज्यादा दिन का समय नहीं बचा है, ऐसे में तैयारियों को अंतिम रूप देने का कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आदि शक्ति मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आ रही है। इस दौरान माता के विभिन्न नौ रूपो की पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ की जाएगी। कोरिया जिले के कई देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना देवी मंदिरों में की जाती है। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट झूमका तट पर स्थित रमदईया धाम में इस दौरान काफी संख्या में अंचल के श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए जुटते हैं। चैत्र नवरात्रि भर भक्तजन तेज धूप की परवाह किए बिना माता के जयकारे करते हुए माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए प्रतिदिन जुटते हैं, इसके अलावा एमसीबी जिले में खड़गवां के निकट ग्राम चनवारीडॉड़ स्थित मां महामाया मंदिर में विशेष रूप

■ देवी मंदिरों में साफ-सफाई अभियान जोरों पर

⏩ शेष पेज 4 पर




6- APR-Jash-CORIYA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/6/2024 7:27 PM Page 1





# नई फिल्म की पहली झलक से उठा पर्दा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव अपनी एक्टिंग से लगातार लोगों का मनोरंजन करते आए हैं। एक्टर लंबे वक्त से बड़े पर्दे से दूर थे, लेकिन अब उन्होंने दमदार वापसी की तैयारी कर ली है। राजकुमार राव भी अब बायोपिक के साथ आ रहे हैं, जिसमें वो एक इंस्पायरिंग रियल लाइफ कहानी दिखाएंगे। एक्टर की अपकमिंग फिल्म का नाम 'श्रीकांत' है। राजकुमार राव ने फिल्म 'श्रीकांत' से अपने करिदार की झलक दिखाते हुए फिल्म के ऐलान के साथ ही रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। उन्हेंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एक यात्रा जो आपको अपनी आंखें खोलने के लिए प्रेरित करेगी!

## लाइफ Style

# रश्मिका मंदाना

## 'पुष्पा 2' की श्रीवल्ली का पहला लुक



'पुष्पा 2: द रूल' 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना एक बार फिर इस फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। 'पुष्पा 2' की रिलीज का लोगों को लंबे समय से बेसबी से इंतजार है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'पुष्पा 2' के मेकर्स 8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर फिल्म का पहला टीजर रिलीज करने का ऐलान कर चुके हैं, लेकिन इसके पहले नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना के बर्थडे पर श्रीवल्ली के फैंस को सरप्राइज मिल गया। सोशल मीडिया पर रश्मिका मंदाना का 'पुष्पा 2' से पहला लुक शेयर कर दिया है। श्रीवल्ली का ये धाकड़ लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

'पुष्पा 2' के इस पोस्टर में रश्मिका, श्रीवल्ली के किरदार में बहुत ही दमदार लुक में लुक दिखा रही हैं। रश्मिका मंदाना ने हरी साड़ी, मांग में सिंदूर, हाथों में हरी-लाला चूड़ी पहने दिखाई दे रही हैं। वहीं कमरबंद, नाक की नथ और गले में मंगलसूत्र के साथ हार पहने हुए एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना बहुत खूबसूरत लग रही हैं। इस लुक को एक्ट्रेस ने लाल बिंदी, आंखों में काजल, न्यूड लिपस्टिक और बालों का जुड़ा बनाना से पूरा किया है। 'पुष्पा 2' के इस पोस्टर के साथ फिल्म के टीजर रिलीज की एक बार फिर घोषणा की गई है, जो 8 अप्रैल को रिलीज होगा। इससे पहले मेकर्स ने 'पुष्पा 2' की ओटीटी रिलीज की भी घोषणा की थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस बात की जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। वहीं सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म 'ड्यून 3' का ऐलान

लॉस एंजिलिस। टिमोथी चालमेट और जेंडाया अभिनीत फिल्म 'ड्यूनः पार्ट टू' बॉक्स ऑफिस पर कमाल रही है। निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की इस फिल्म को दर्शकों का प्यार मिल रहा है। पूरी दुनिया में टिमोथी चालमेट की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। वहीं अब 'ड्यूनः पार्ट टू' की सफलता के बाद निर्देशक ने इस फिल्म के अगले भाग के निर्माण की घोषणा की है। टिमोथी चालमेट की आगामी फिल्म 'ड्यून 3' का निर्माण हो रहा है। निर्देशक विलेन्यूवे ने खुद इसकी आधिकारिक घोषणा की है।




# जैकी चैन की फिल्म 'कराटे किड' का निर्माण शुरू

**लॉस एंजिलिस।** सोनी पिक्चर्स ने अपनी नई फिल्म कराटे किड की घोषणा करते हुए इसका निर्माण भी शुरू कर दिया है। यह फिल्म इस फ्रेंचाइजी की छठवीं फिल्म है। राल्फ मचियो इस फिल्म में डैनी लारूसो की अपनी भूमिका फिर से निभाते नजर आएंगे। 2010 की फिल्म कराटे किड रीमेक में जैकी चैन मिस्टर हान की भूमिका में दिखाई दिए थे। वह अपनी भूमिका में फिर से नजर आएंगे। दर्शकों को इस फ्रेंचाइजी के अगले पार्ट का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म का प्रोडक्शन शुरू होने के साथ ही तस्वीरों में फिल्म कराटे किड के लोगो की झलक भी देखने को मिली। अभिनेता बेन वांग इसमें अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। बेन वांग के फिल्म में होने की घोषणा के बाद ही मेकर्स ने गुरुवार को बड़ा अपडेट साझा किया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी पहले ही खुलासा हो चुका है।



# ट्विंकल ने अक्षय पर सरेआम मारा ताना

**मुंबई।** बॉलीवुड के पावर कपल ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार दोनों ही साथ में परफेक्ट लगते हैं। सालों से दोनों एक-दूसरे के साथ मौजमस्ती करते नजर आया करते हैं। सोशल मीडिया पर दोनों ही काफी एक्टिव हैं। जहां अक्षय कुमार अपने वीडियोज से लोगों को हंसाने में नहीं चूकते वहीं ट्विंकल खन्ना भी कभी फनी तो कभी सामाजिक मुद्दों पर बात करती नजर आती हैं। ट्विंकल खन्ना ने एक वीडियो साझा किया है। सामने आए इस वीडियो में वो और अक्षय कुमार दोनों ही नजर आ रहे हैं। दोनों किसी शादी फंक्शन के लिए तैयार हो रहे हैं और दोनों ने बेज कलर के कपड़ों में ट्विनिंग भी की है। जहां ट्विंकल खुद को निखारने और संवारने में लगी हैं, वहीं अक्षय कुमार उनके पीछे उछल-कूद करते दिख रहे हैं।



# टूटे दिल की दास्तान है 'अंख दा तारा'

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। अभिनेता कई चर्चित गाने गा चुके हैं। एक बार फिर वह अपनी सुरीली आवाज के साथ हाजिर हुए हैं। आयुष्मान का नया गाना 'अंख दा तारा' आज जारी हो गया है। संगीत प्रेमियों से इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। आयुष्मान कई फिल्मों में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेर चुके हैं। अब वे अपना एक नया पंजाबी गाना लेकर आए हैं। 'अंख दा तारा' गाने को आज यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में टूटे दिल की दास्तान को एक अनोखे अंदाज में दिखाया गया है। अभिनेता ने लिखा, ''मेरी 'अंख दा तारा' आप हो'। फैंस को आयुष्मान का यह गाना बेहद पसंद आ रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे लगातार सुनने के लिए एक नया गाना मिल गया है'।

## टीवी मसाला



# संस्कारी बहू 'रूही' ने पार की सारी हदें, बोल्ड अवतार देख दंग हुए लोग

**मुंबई।** प्रतीक्षा होनमुखे इस वक्त काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। प्रतीक्षा का सफर हाल ही में टीवी के हिट शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से खत्म हुआ है। इस शो में प्रतीक्षा ने रूही का रोल प्ले किया था, लेकिन हाल ही में उन्हें इस शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। प्रतीक्षा होनमुखे अपने काम के साथ ही सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वहीं, ये रिश्ता क्या कहलाता है' से बाहर होने के बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस का बोल्ड अवतार देखने को मिल रहा है। इस वीडियो में प्रतीक्षा मिरर के सामने खुद ही अपना वीडियो शूट करती दिख रही हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी संस्कारी बहू की इमेज से बाहर आते हुए बोल्ड अवतार दिखाया है। वीडियो में प्रतीक्षा के ब्रालेस लुक ने आग लगा दी है। इस दौरान एक्ट्रेस ने शॉर्ट ड्रेस पहनी है, जिसका नेक फ्रंट से काफी डीप और ओपन है। वहीं, उनके ओपन और फ्रिजी हेयर उनके लुक को और भी सेक्सी बना रहा है। वीडियो में प्रतीक्षा का एटीट्यूड देखने लायक है। इस वीडियो के साथ प्रतीक्षा ने कैप्शन में लिखा, 'गर्मियों से भी ज्यादा गर्मी?'

# अनुपमा का टूटा हाथ, अब क्या हो जाएगी कॉम्पटीशन से बाहर

**मुंबई।** अनुपमा शो में अब तक आपने देखा कि अनुपमा, कुकिंग कॉम्पटीशॉन के लिए सेलेक्ट हो जाती है। वहीं अनुज से शादी करने के लिए अब श्रुति बेताब है और वह कुछ भी करने को तैयार है। अब अनुपमा डांस प्रैक्टिस करते हुए गिर जाती है और उसके हाथ में फ्रेकचर हो जाता है। अनुपमा फिर भी कॉम्पटीशन के लिए जाती है। लेकिन वहां तीनों में से एक जज अनुपमा को मना कर देता है। वह कहता है कि तुम नहीं करोगी पार्टिसिपेट और चले जाओ। अनुपमा लेकिन वहां से जाती नहीं है और कहती है कि वह हिस्सा लेगी और अपने लेफ्ट हाथ से खाना बनाएगी। वह पहले भी लेफ्ट हाथ से खाना बना चुकी है। अनुपमा कहती है कि औरतों को मुश्किलें बहुत मिलती हैं, लेकिन मौके बहुत कम। मुझे इतना बड़ा मौका मिला है। पूरी दुनिया के सामने अपना हुनर दिखाने का। मैं जानती हूं ये आसान नहीं होगा। कई लोग मुझे हराना चाहेंगे, इस कॉम्पटीश ने से बाहर करना चाहेंगे, लेकिन मैं हारने वाली नहीं हूं क्योंकि अगर मैं हार गई तो ये हार सिर्फ मेरी नहीं होगी। हर उस औरत की होगी जो रसोई से कभी बाहर ही नहीं निकल पाई।



# माधुरी दीक्षित का थ्रोबैक वीडियो हुआ वायरल



**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और उनके पति डॉ. नेने की शादी को कई साल हो चुके हैं और उनके दो प्यारे बच्चे अरिन नेने और रयान नेने हैं। माधुरी दीक्षित-श्रीराम नेने को कई बार साथ में इवेंट और बी टाउन की पार्टी में स्पॉट किया जा चुका हैं और इसमें कोई शक नहीं की दोनों बहुत ही प्यारे कपल हैं। बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' का एक थ्रोबैक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपने पति नेने संग एक पॉपुलर इंग्लिश गाना गाते नजर आ रही हैं। लोगों को ये वीडियो बहुत पसंद आ रहा है। वीडियो में माधुरी दीक्षित सजी-धजी सूट पहने हुए बहुत सुंदर लग रही हैं। वहीं कुछ ही देर में एक्ट्रेस के पति नेने भी अपनी पत्नी के साथ ये गाना गाते दिखाई देते हैं। कपल हमेशा की तरह स्टाइलिश लुक में नजर आ रहे थे।

# दिशा पटानी ने साझा कीं 'कल्कि 2898 एडी' की शूटिंग की तस्वीरें





मुंबई। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को लेकर दर्शकों के बीच काफी दिनों से उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म के छोटे-से-छोटे अपडेट पर प्रशंसक अपनी नजर बनाए हुए हैं। इस फिल्म में अभिनेता प्रभास का दमदार किरदार देखने को मिलेगा। हाल ही में अभिनेत्री दिशा पाटनी ने प्रभास के साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जो इस फिल्म से जुड़ी हैं। फिल्म की अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शूटिंग से जुड़ी तस्वीरें दर्शकों के साथ साझा की हैं। दरअसल, साल 2024 की शुरुआत में एक खबर आई थी कि प्रभास और दिशा पाटनी फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। दिशा ने जो तस्वीरें साझा की हैं, वह उसी गाने की शूटिंग की है। तस्वीरों में दिशा अपने सह कलाकार प्रभास के साथ खड़ी दिखाई दे रही हैं। एक तस्वीर में वे मेकअप कलाकारों से मेकअप कराती दिख रही हैं।

# टीवी की इन मशहूर अभिनेत्रियों ने अब तक नहीं की शादी

मुंबई। छोटे पर्दे की अभिनेत्रियों लोकप्रियता के मामले में फिल्मों की हीरोइनों से पीछे नहीं है। टीवी बहुत सी एक्ट्रेस ने अपनी अदाकारी के दम पर घर-घर में खास पहचान बनाई है। संस्कारी बहुओं का रोल निभाकर शोहरत की बुलंदियों तक पहुंचने वाली इन अभिनेत्रियों में से कई ऐसी भी हैं जो असल जीवन में अविवाहित हैं।



## हिना खान

धारावाहिक ये रिश्ता क्या कहलाता है से हिना खान ने घर-घर में खास पहचान बनाई। इस सीरियल में वे संस्कारी बहू के रूप में नजर आई थीं। हालांकि, असल जीवन में उन्होंने अब तक शादी नहीं की है। हिना काफी समय से रॉकी जायसवाल के साथ रिलेशनशिप में हैं।

## शिल्पा शिंदे

इस लिस्ट में पहला नाम भाभीजी घर पर हैं फेम अभिनेत्री शिल्पा शिंदे का है। वे छोटे पर्दे की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं। 40 के पार जा चुकी शिल्पा अब तक अविवाहित हैं। अभिनेत्री की सगाई रोमित राज से हुई थी, लेकिन बाद में दोनों ने अपनी राहें जुदा कर लीं।





## साक्षी तंवर

टीवी सीरियल बड़े अच्छे लगते हैं में अपनी अदाकारी से लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस साक्षी तंवर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। वे अब तक कई धारावाहिकों, फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर चुकी हैं। उन्होंने एक बेटी को गोद लिया है और सिंगल पेरेंट के तौर पर उसका पालन-पोषण कर रही हैं।

## नेहा मेहता

नेहा मेहता को तारक मेहता का उलटा चश्मा की वजह से खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस सीरियल में उन्होंने अंजलि का किरदार निभाया था। उनके रोल को काफी पसंद किया गया था। साल 1973 में जन्मी नेहा ने अब तक शादी नहीं की है।





# दर्शकों पर जादू चलाने को तैयार आलिया

**मुंबई।** आलिया भट्ट बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपने अभिनय के दम पर अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं। अभिनेत्री अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। इस बार आलिया निर्देशिका गुरिंदर चड्डा की आने वाली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया भट्ट अब एक ऐसे नए अवतार में दिखाई देंगी। जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। खबरों की मानें तो इंडो-ब्रिटिश फिल्म निर्देशक गुरिंदर चड्ढा की फिल्म में प्रिंसेस के रोल के लिए आलिया भट्ट का नाम फाइनल कर लिया गया है। इस फिल्म की शूटिंग 2025 जून में शुरू हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में अभी तक सिर्फ आलिया भट्ट का नाम ही शामिल हुआ है। बाकी स्टारकास्ट को फिल्म की कहानी के पूरा होने के बाद ही तय किया जाएगा। हालांकि अपनी इस फिल्म के लिए शुरू से ही गुरिंदर की पहली पसंद आलिया ही थीं।

6- APR-Jash-CORIYA-Bhoomi-FULL- pg-3_Layout 1 4/6/2024 7:45 PM Page 1




# LATEST FASHION

•MENS •LADIES •KIDS

IZOD
FORCE IX
BLACKBERRYS
mufti
madame
JACK & JONES
CRIMSOUNE CLUB FASHION CLOTHING
ARISTU
Beatnik
RAISIN
RARE RABBIT
UNITED COLORS OF BENETTON.
Levi's
PARK AVENUE
BIBA
INDIAN TERRAIN
MANTRA
indya
TWENTY DRESSES
GINI & JONY freedom fashions
Rangriti

SAREES

Lahngas & many more.....



## निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड
द फैशन मॉल

अम्बिकापुर अम्बेडकर चौक

Ph 07774 230041

## खबर संक्षेप



### रेगिस्तान का जहाज कोरिया में...

**बैकुण्ठपुर।** गर्मी दिनों दिन बढ़ रही है, ऐसे समय में रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाला ऊंट सोनहत मार्ग के शिवघाट से गुजरते हुए। मालिक पैदल आगे आगे चल रहा है और पीछे-पीछे रेगिस्तान का जहाज चल रहा है, जो गांवों में जाकर मालिक अन्न व रूपए मांगते रहते हैं।

### बाल पथ संचलन का आयोजन कल



**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र में बाल पथ संचलन का आयोजन 8 अप्रैल को किया जा रहा है। आयोजन को लेकर राष्टीय स्वयंसेवक संघ द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। जानकारी देते हुए नगर संघ चालक ठाकुर प्रसाद केसरी ने बताया कि 8 अप्रैल को सायंकाल 4 से विजय नर्सरी स्कूल से बाल पथ संचालन प्रारंभ होगा, जो नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए शाम 5 बजे गांधी पार्क मनेन्द्रगढ़ पहुंचेगा। इस अवसर पर प्रबुद्ध वक्ताओं द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा साथ ही छग प्रांत के बाल कार्य प्रमुख का भी उद्बोधन प्राप्त होगा। 9 अप्रैल को प्रातः 7 से 9 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर बड़ी बिल्डिंग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के क्षेत्रीय प्रचारक प्रेमशंकर सिकदर का बौद्धिक होगा। साथ ही साथ सर संघचालक को उसी दिन ध्वज प्रणाम भी किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मनेन्द्रगढ़ के नगर संघ चालक ठाकुर प्रसाद केसरी ने समस्त अनुसांगिक संगठनों के सदस्यों एवं आम जनों से उपरोक्त कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### वारूनी महामेला पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**बिश्रामपुर।** श्री हरिश्चंद्र ठाकुर का 213 वे जन्म महोत्सव पर वारूनी महामेला का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुआ। ग्राम पंचायत अजबनगर, रविंद्रनगर में श्री किरण चांद ठाकुर हरि भजनाश्रम में 5 अप्रैल शुक्रवार को सुबह मोरभंज डेम से मंदिर तक विशाल कलश यात्रा निकालकर अधिवास किया गया। 6 अप्रैल शनिवार को गंगा स्नान एवं निशान दल आगमन, 7 अप्रैल रविवार को प्रातः 9 बजे से हरि भजन कीर्तन और शाम 8 बजे से कवि सम्मेलन उड़ीसा के दल द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। 8 अप्रैल सोमवार प्रातः 9 बजे से हरि भजन कीर्तन एवं शाम 8 बजे कबि भजन उड़ीसा के टीम द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम में 9 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 9 बजे से धार्मिक प्रवचन एवं शांति सभा का आयोजन और प्रतिदिन शाम 7 से 8 बजे तक तक संध्या आरती हरि भक्तों द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन सभी भक्तों के लिए भंडारा की भी व्यवस्था कमेटी द्वारा की जाएगी। कलश यात्रा के दौरान कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े,समिति की अध्यक्ष चित्रा प्रमोद विश्वास, गोपाल, शीतल मालाकार, संदीप सरकार, नेपाल गोसाई, रमेश ठाकुर, मनमथ, भागीरथ सरकार, ठाकुर दास मंडल, उपस्थित थे।

### भक्त माता कर्मा की जयंती पर हुई महाआरती, निकली गई शोभायात्रा

**अम्बिकापुर।** शहर में संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा के जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन नगर एवं ब्लॉक साहू समाज द्वारा शहर के दर्रीपारा स्थित साहू समाज के भवन में किया गया था। माता कर्मा जयंती को लेकर सुबह भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना करते हुए महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा व श्रीकृष्ण के छायाचित्र का पूजन अर्चन कर किया गया। महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने कवायद

# स्वीप के तहत मितानिनों ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने की अपील की गई है। इसी के परिपालन में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग तरीके से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

विगत दिवस विकासखंड खड़गवां के मितानिनों के द्वारा बिजली ऑफिस से लेकर एकलव्य स्कूल पोड़ीडीह तक खड़गवां के समस्त चौक-चौराहों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और समस्त नागरिकों से लोकतंत्र के महापर्व पर शत-प्रतिशत मतदान करने अपील किया गया और मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन में अपना मताधिकार का योगदान देने आह्वान किया। खड़गवां में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें समस्त मितानिन और मितानिन प्रशिक्षक साथ में विकासखंड से मितानिन विकासखंड समन्वयक ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। स्वास्थ विभाग द्वारा स्वीप के माध्यम से रैली निकाली गई। वहीं रैली में शामिल अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान खड़गवां स्वास्थ विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित हुए। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान, आपका मतदान ही लोकतंत्र की जान है जैसे स्लोगन का वाचन करते हुए 7 मई को मतदान करने अपील करते हुए लोगों जागरूक किया गया।



स्वीप के तहत् जागरुकता रैली निकालती मितानिन।

### सेक्टरवार आयोजित हो रहे स्वीप कार्यक्रम

एकीकृत बाल विकास परियोजना खड़गवां के अंतर्गत सेक्टर उधनापुर में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उधनापुर की वरिष्ठ मतदाता उर्मिला 60 वर्ष, जानकी 58 वर्ष सम्मिलित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ सेक्टर पर्यवेक्षक कुमारी संगीता सिंह के द्वारा अतिथियों का स्वागत कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं को 7 मई होने चुनाव के दिन अनिवार्य रूप से मतदान करने को कहा गया। बिना किसी प्रलोभन, अपने विवेक से अपने मत का प्रयोग करने को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नव मतदाताओं तथा नव विवाहितों को पुष्प गुच्छ व श्रीफल से सम्मानित किया गया। उसके बाद सभी मतदाताओं ने एक साथ मिलकर रैली व प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया, इसके साथ ही सभी उपस्थित मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।





## मतदान को लेकर जागरुक करने कैडेट्स ने निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवी दल व स्काउट गाइड दल की छात्राओं द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए छोड़ों अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान आदि नारों के साथ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

तत्पश्चात छात्राओं द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने स्वीप कार्यक्रम से संबंधित रंगोली का आयोजन किया गया, जिसका अवलोकन विद्यालय परिवार के अतिरिक्त हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी परीक्षा के मूल्यांकन कार्य से जुड़े सैकड़ों परीक्षकों द्वारा किया गया, साथ ही परीक्षकों से आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने विद्यालयीन क्षेत्र में इसी तरह स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करें। उक्त स्वीप कार्यक्रम में प्राचार्य एएल गुप्ता, श्रीमती सी सिंह, पी सिंह, आरएल गौतम, कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शाहिस्ता अंजुम अली, गाइड प्रभारी मीनाक्षी जायसवाल, संजय यादव, वीरेन्द्र सिंह, अभिषेक गुप्ता, अभय शर्मा, सुमन पांडेय, दुर्गेश गौतम, सुरेश साहू, पद्मजा वर्मा, आनंद तिवारी, जीडी उरमलिया ,सोमेश कौशिक, जे दुबे, अनुराधा सोनपाकर, आशीष चंदेल, लीलाराम रत्नेश, ममता खटिक, घनश्याम, नीलिमा, विनीता, वीरेन्द्र पाल सहित काफी संख्या में छात्राएं एवं परीक्षक उपस्थित रहे।

## न्यू लाइफ में मना विश्व स्वास्थ्य दिवस

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा शनिवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया, जो प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने के शुरूआत डब्लूएचओ के द्वारा वर्ष 1950 में हुई थी, इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम माई हेल्थ माई राइटस (मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार है) जो एक मौलिक सत्य पर जोर देती है, अच्छे स्वास्थ्य तक पहुंच एक बुनियादी मावन अधिकार है। इस दिवस विश्वभर के लोगों को स्वास्थ्य संबंधित विषयों और अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इस दिन का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहे एवं उन्हें अच्छे इलाज की सुविधा मिल सके। साथ ही लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरुक हो, ताकि दुनियाभर में फैली गंभीर बीमारियों का रोकथाम किया जा सके। मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हमें अपनी जीवन शैली में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव जैसे-संतुलित आहार भोजन में हरी सब्जियां, अनाज, प्रोटीन युक्त आहार, पूरी नींद, योग एवं व्यायाम करना जरूरी है। बीएससी नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा अच्छे स्वास्थ्य के नुस्खे, लाभ, योगा, तनावमुक्त जीवन, अच्छे सोच विचार, अच्छे स्वास्थ्य, वातावरण, स्वच्छ भोजन, परिवारिक स्वास्थ्य के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया। इस पूरे कार्यशाला का आयोजन नर्सिंग ट्यूटर मिस लक्ष्मी साहू के मार्गदर्शन में बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजना सैम्यूल, समस्त नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य नर्सिंग छात्र-छात्राओं के उपस्थिति में किया गया।




## एसडीएम के निर्देश पर अटल बाजार की सात दुकानों को नायब तहसीलदार ने किया सील

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर के 18 नग दुकानों की बकाया राशि वसूली करने के मामले में शुक्रवार को बकाया राशि का भुगतान नहीं करने वाले सात दुकानों को गहमा गहमी के बीच पिलखा नायब तहसीलदार द्वारा सील करने की कार्यवाही की गई। बताया गया कि 11 दुकानदारों ने तीन लाख पच्चीस हजार रुपए जमा किए थे लेकिन शेष 7 अन्य दुकानदारों द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। पिछले दिनों शनिवार को एसडीएम जगन्नाथ वर्मा द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के मौजूदगी में ग्राम पंचायत शिवनन्दनपुर स्थित अटल बाजार के दुकानों का किराया एवं निविदा की राशि जमा नहीं होने पर तीन दिवस के भीतर राशि जमा न करने पर दुकानों को सील करने के निर्देश दिए गए थे। इसी तारतम्य में शुक्रवार को पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी राजस्व टीम के साथ दुकानों को सील करने जब पहुंचे और दुकानों को सील करने की प्रक्रिया शुरू की तभी कुछ दुकानदारों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आज तक पंचायत द्वारा हमें अटल दुकान हैंड ओवर ही नहीं किया गया है। साथ ही पंचायत द्वारा किस दिनांक से कितने माह तक का किराया भुगतान करना है इसकी जानकारी दी गई है। कुछ दुकानदारों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत द्वारा निर्धारित किराया शुल्क से अधिक रकम की किराया वसूली की जा रही है। इसके पश्चात कार्यवाही करने आए पिलखा नायब तहसीलदार से विवाद की स्थिति निर्मित होने पर तत्काल बिश्रामपुर पुलिस बल को मौके पर बुलाकर पुलिस की मौजूदगी में सभी सात दुकानों को ताला लगाकर सील कर दिया गया।गौरतलब है कि पिछले 15 वर्षों से अटल बाजार दुकानों की निविदा के तहत दुकानदारों ने दुकान किराये पर ली थी।



## लवली मोटर्स में किसान सम्मेलन का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** स्वराज ट्रेक्टर्स का 50 वर्ष तथा लवली मोटर्स के 10 वर्ष पूरे होने पर लवली मोटर्स द्वारा खाड़ा स्थित शगुन गार्डन में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी से टेट्री मैनेजर भुनेश्वर, सुधीर मिश्रा, रोशन ,लवली मोटर्स के प्रोपराइटर चंद्रभान पांडेय, मैनेजर मनोज यादव, पंकज तिवारी एवं लवली मोटर्स के समस्त स्टाफ, किसान मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम में कोरिया-एमसीबी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 300 किसान उक्त सम्मेलन में शिरकत किए। कार्यक्रम के पूर्व वाहन ट्रैक्टर रैली, मशाल रैली निकाली गई, जो लवली ट्रैक्टर शो रूम से खाड़ा, कसरा, कंचनपुर तथा भाड़ी होते हुए शगुन गार्डन के पास वापस पहुंच कर समाप्त हुई। इसके बाद किसान सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा उपस्थित किसानों को संबोधित किया गया और कंपनी की ओर से किसानों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में आए किसानों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

बिजनेस प्लस

## कोरबा ईस्ट की दो विद्युत इकाइयों में आई खराबी, घंटों ठप रही आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोरबा की दो पावर जेनरेशन प्लांट में आई तकनीकी खराबी के कारण दोनों इकाइयों का उत्पादन ठप होने से शहर सहित पूरे सरगुजा की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई जिसके कारण शुक्रवार को लोगों को घंटो विपरीत स्थितियों का सामना करना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद देर शाम शहर की आपूर्ति सुचारू की गई। आवश्यकता के अनुसार विद्युत उपलब्ध नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की आपूर्ति रोटेशन पर की जा रही है। शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे अचानक लो-वोल्टेज की समस्या आई तथा शहर सहित पूरे जिलेभर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। अचानक आई इस बड़ी समस्या का कारण समझने विद्युत कर्मियों ने उपकेन्द्र के उपकरणों की जांच शुरू की तो कोरबा से ही विद्युत आपूर्ति ठप होने की जानकारी मिली। वरिष्ठ अधिकारियों ने पूछताछ की तो जानकारी मिली की सरगुजा सहित प्रदेश के अन्य जिलों में विद्युत आपूर्ति करने वाले 500 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली दो इकाइयों में तकनीकी खराबी आने के कारण विद्युत उत्पादन ठप हो गया है जिससे आपूर्ति पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। शहर की विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण जिले की औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन प्रभावित हुआ वहीं गर्मी से लोग बेहाल होने लगे। एक-डेढ़ घंटे बाद कोरबा स्थित जेनरेशन प्लांट से सरगुजा को 50 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराई गई तथा अधिकारियों ने सूचना दी कि विद्युत उत्पादन इकाई में मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है। देर शाम तक प्लांट से उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने फिलहाल उपलब्ध 50 मेगावाट से ही जरूरतों को पूरा करने की रणनीति बनाने की सलाह दी।



### पुलिस ने तेज रफ्तार वाहन चालकों पर की चालानी कार्रवाई

**प्रतापपुर।** क्षेत्र में घटना दुर्घटना के मद्देनजर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह टीम के साथ लगातार तेज रफ्तार पिकअप, बाइक सहित तेज रफ्तार ट्रक चालकों के पर शिकंजा पुलिस ने कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने तेज रफ्तार मंडी आने वाले पिकअप वाहनों पर चालानी कार्यवाही प्रारंभ किया हैं। साथ ही चालकों को तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी गई है। आचार संहिता सहित जांच करवाई निरंतर जारी है। इसके अलावा वाहनों में लगे हुए एक्स्ट्रा लाइट जो एक्सीडेंट का कारण बनते हैं ।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 अप्रैल, 2024
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर
मो. 9425255110, 9425269110

## पेज 1 का शेष

### जूनापारा में नाली ...

कई जगहों पर सूखें हैं नहर-

जल संसाधन विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में स्थित नहरों की स्थिति को सुधारने के लिए बजट जारी किया जाता है और बड़ी रकम खर्च की जाती है, जिससे कि नहरों से किसानों को पर्याप्त पानी अंतिम छोर तक मिलता रहे। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के पास से विस्तारित झुमका बांध का नहर में कुछ दूरी तक ही पानी आता है, इसके बाद लंबी दूरी तक नहर सूखा पड़ा हुआ है। इस नहर की ओर विभागीय अधिकारियों का ध्यान काफी समय से नहीं जा रहा है, इसके कारण कई किसानों को नहर सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार झुमका हाई लेवल परियोजना के तहत झुमका बांध से निकाली गई नहर झुमका बांध के तलहटी पर बसे ग्राम सागरपुर से होते हुए चेर, महलपारा, जूनापारा, जामपारा तक विस्तारित की गई है। इस नजर में चेर तक तो पानी थोड़ा बहुत पहुंचता है, लेकिन चेर मुख्य मार्ग के दूसरे छोर से नहर में पानी नहीं आता, जिसके कारण इस नजर में अंतिम छोर जामपारा में लंबे समय से नहर सूखा पड़ा हुआ है। किसानों के खेतों के बीच से नहर विस्तारित है, लेकिन लंबे समय से नहर में पानी नहीं पहुंचने के कारण नहर बिल्कुल सूखा पड़ा हुआ है। किसानों को नहर सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### चैत्र नवरात्रि में ...

से पूजा-अर्चना की तैयारियां की जा रही है। यहां काफी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के जुटते हैं। कोरिया एमसीबी जिले के अलावा पड़ोसी कोरबा, मरवाही, पेण्ड्रा जिले के श्रद्धालु भी रतनपुर महामाया मंदिर में माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए काफी संख्या में पहुंचते हैं। यही कारण है कि इस दौरान उक्त देवी मंदिर में पूरे नौ दिनों तक भक्तों का सैलाब उमड़ा रहता है। बहरहाल चैत्र नवरात्र को लेकर जिलेभर के देवी मंदिरों में आवश्यक तैयारियां जोरों से चल रही है। मान्यता है कि इस दौरान विधि-विधान के साथ माता की पूजा-अर्चना करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

दीपों की जगमग रोशनी बिखरेगी देवी मंदिरों में-

9 अप्रैरल से चैत्र नवरात्र शुरू हो रही है और इस दौरान पूरे नौ दिनों तक माता के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ की जाएगी। वहीं चैत्र नवरात्र में देवी मंदिरों में दीपों की जगमग रोशनी शुरूआती दिन से बिखर जाएगी। प्रमुख देवी मंदिरों में ज्योति कलश के साथ काफी संख्या में मनोकामना दीप का प्रज्जवलन भी किया जाएगा, इसके लिए तैयारियां जोरों से चल रही है।

बढ़ जाती है फलों की मांग-

चैत्र नवरात्रि के दौरान फलों की मांग बढ़ जाती है। इस दौरान कई लोग पूरे नौ दिनों तक फलाहारी रहते हैं और देवी मंदिरों में भी प्रसाद के रूप में विभिन्न तरह के फलों का उपयोग होता है। मांग ज्यादा बढ़ जाने के कारण एवं आवक पर्याप्त नहीं होने के कारण कई बार नवरात्रि के दौरान विभिन्न तरह के फलों के भाव में उछाल देखा जाता है।







